संख्या- 32 /2026/CMG 82 /001-9-7099-17-2024

प्रेषक,

पारस नाथ,

अनु सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,

स्थानीय निकाय निदेशालय,

उ.प्र. लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग-7 **लखनऊ : दिनांक 21 सितंबर, 2026**

विषयः- सी0एम0 ग्रिड्स योजनान्तर्गत नगर निगम प्रयागराज में 04 सड़कों के निर्माण कार्य हेतु द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

शासनादेश संख्या-11/2024/916/9-7099/17/2024, दिनांक 13.03.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में सी.एम. ग्रिड्स योजनान्तर्गत नगर निगम प्रयागराज की 04 परियोजनाओं हेतु क्रमशः ₹1934.00 लाख, ₹1681.00 लाख, ₹997.00लाख एवं ₹2005.00 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने हुए प्रथम किश्त की धनराशि क्रमशः ₹870.30 लाख, ₹756.45 लाख, ₹448.65 लाख एवं ₹902.25 लाख अवमुक्त की गयी।

उपर्युक्त परियोजना हेतु शासनादेश संख्या-CMG 64/नौ-7-2026-Comp No 1781656, दिनांक 13-07-2026 द्वारा पुनरीक्षित लागत की धनराशि क्रमशः ₹ 1810.60 लाख, ₹1922.34 लाख, ₹1049.45 लाख एवं ₹1855.14 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि डिप्टी सी.ई.ओ. यूरिडा के पत्र संख्या-497/यूरिडा/36(14)/ प्रयागराज /2025, दिनांक 01-09-2026 एवं पत्र संख्या-438/यूरिडा/36(14)/ प्रयागराज /2025, दिनांक 12-08-2026 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त नगर निगम प्रयागराज की निम्नांकित तालिका के कालम-2 में अंकित 04 सड़कों के विकास कार्य हेतु तालिका के कालम-4 में अंकित निविदा लागत के सापेक्ष कालम-5 में अंकित संशोधित राज्यांश एवं उसके सापेक्ष कालम-6 में अंकित द्वितीय किश्त की धनराशि उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 13.03.2024 में वर्णित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने पर श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि ₹ लाख में)

क्रं.सं.	कार्य का नाम	पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	स्वीकृत निविदा की धनराशि	निविदा अनुबन्ध की लागत के आधार पर राज्यांश (90%) की धनराशि	निविदा अनुबन्ध लागत के आधार पर राज्यांश की द्वितीय किश्त के रूप में अवमुक्त की जाने वाली धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	जोन- 6 के अन्तर्गत वार्ड 49 ट्रान्सपोर्ट नगर में धर्मवीर मूर्ति से लेकर आर 0 टी 0 ओ 0 चौराहा होते हुए फोर्ट स्टेशन तक सड़क पटरी नाली डिवाईडर एवं यूटीलिटी डक्ट का निर्माण कार्य।	1810.60	1810.60	1629.54	759.24
2	जोन- 06 के अन्तर्गत वार्ड- 79 प्रीतम नगर में जी 0 टी 0 रोड थाना धूमनगंज से लेकर दूर्गापूजा पार्क होते हुए अबुबकरपुर मोड़ तक सड़क पटरी नाली एवं यूटीलिटभ् डक्ट का निर्माण कार्य।	1922.34	1922.34	1730.10	973.65
3	जोन- 06 के अन्तर्गत वार्ड 79 प्रीतम नगर में केन्द्रांचल गेट से लेकर विवेकानन्द चौराहा होते हुए ए 0 आर 0 के 0 टावर प्रीतम नगर तक सड़क पटरी नाली एवं यूटीलिटी डक्ट का निर्माण कार्य।	1049.45	1049.45	944.50	495.85
4	जोन- 04 टैगोर टाउन के अन्तर्गत के०पी० इण्टर कालेज के सामने से जगत	1855.14	1855.14	1669.62	767.37

	तारन गोल्डन जुबली स्कूल होते हुए जवाहर लाल नेहरू रोड तक सड़क पटरी एवं आर०सी०सी० कवर्ड नाला निर्माण कार्य।				
कुल योग		**6637.53**	**6637.53**	**5973.76**	**2996.11**

3- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 29,96,11,000 (रुपये उनतीस करोड़ छियानबे लाख ग्यारह हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 037 **लेखा शीर्षक** 2217058001100 मुख्यमंत्री-ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम(अर्बन) (सीएम-ग्रिड्स) **मानक मद** 35 पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक- 28-मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

Digitally signed by Paras Nath
Date: 19-09-2026 17:09:38

(पारस नाथ)

अनु सचिव।

संख्या- 32 /2026/ CMG 82 (1) /001-9-7099-17-2024, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. सी.ई.ओ. यूरिडा लखनऊ।
3. नगर आयुक्त, नगर निगम प्रयागराज उ.प्र.।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ, उ0प्र0।
5. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षक, उ0प्र0, प्रयागराज।
6. वित्त (व्यय नियंत्रक) अनुभाग-9/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, 2
7. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सेल को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,

पारस नाथ

अनु सचिव।